अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2018
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** लखनऊ में किस महिला नेत्री ने क्रान्तिकारियों का नेतृत्व किया ? **(1)**

(A) बेगम हजरतमहल (B) रानी लक्ष्मीबाई

(C) रानी अवन्तीबाई (D) इनमें से कोई नहीं।

**2.** राजा कुँवर सिंह सम्बन्धित थे - **(1)**

(A) कानुपर से (B) जगदीशपुर से

(C) रामपुर से (D) दिल्ली से

**3.** स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 'आर्य समाज' की स्थापना की थी - **(1)**

(A) 1870 ई. में (B) 1872 ई. में

(C) 1875 ई. में (D) 1880 ई. में

**4.** 'सत्यार्थ प्रकाश' रचना है- **(1)**

(A) रामकृष्ण परमहंस की (B) राजा राममोहन राय की

(C) स्वामी विवेकानन्द की (D) स्वामी दयानन्द सरस्वती की ।

**5.** 'साइमन कमीशन' ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की - **(1)**

(A) 1922 ई. में (B) 1924 ई. में

(C) 1928 ई. में (D) 1930 ई. में।

**6.** 'राष्ट्र मेरा धर्म है, जन सेवा मेरी पूजा' मिशन था- **(1)**

(A) विपिनचन्द्र पाल का (B) गोपालकृष्ण गोखले का

(C) लाला लाजपत राय का (D) पं. जवाहरलाल नेहरू का।

**7.** 'देशबन्धु' कहे जाते थे- **(1)**

(A) चितरंजन दास (B) मदनमोहन मालवीय

(C) सुभाषचन्द्र बोस (D) मोतीलाल नेहरू।

**8.** भारत के प्रथम उप-प्रधानमन्त्री थे- **(1)**

(A) बी.आर. अम्बेदकर (B) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(C) गोविन्द बल्लभ पन्त (D) सी. राजगोपालाचारी।

**9.** किसी स्थान पर लम्बे समय तक पाये जाने वाली मौसमी दशाओं को कहते हैं - **(1)**

(A) मौसम (B) जलवायु

(C) ऋतु (D) मानसून

**10.** 'सुनामी' घटना घटित हुई- **(1)**

(A) 1999 ई. में (B) 2001 ई. में

(C) 2004 ई. में (D) 2005 ई. में।

**11.** 'बॉक्साइट' किस धातु का अयस्क है ? **(1)**

(A) सीसा का (B) ताँबा का

(C) जस्ता का (D) एल्युमिनियम का।

**12.** 'कोलार की खानों' का सम्बन्ध किस धातु के उत्पादन से सम्बन्धित है ? **(1)**

(A) सोना (B) कोयला

(C) लोहा (D) ताँबा।

**13.** सबसे अधिक चीनी मिलों की संख्या किस प्रदेश में है? **(1)**

(A) उत्तर प्रदेश (B) महाराष्ट्र

(C) कर्नाटक (D) बिहार।

**14.** संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रधान कार्यालय स्थित है - **(1)**

(A) नई दिल्ली में (B) जेनेवा में

(C) न्यूयार्क में (D) रोम में।

**15.** 'हथकरधा' उद्योग में- **(1)**

(A) कुटीर उद्योग (B) रसायन उद्योग

(C) आधारभूत उद्योग (D) लघु उद्योग।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** 1857 ई. की क्रान्ति के क्या कारण थे ? **(1)**

**17.** राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रथम चरण के उदारवादी आन्दोलन के प्रमुख नेता कौन थे ? **(1)**

**18.** गाँधीजी ने 11 फरवरी, 1920 को आन्दोलन क्यों स्थगित कर दिया ? **(1)**

**19.** सविनय अवज्ञा आन्दोलन के प्रमुख कार्यक्रम क्या थे? **(1)**

**20.** जिन्ना ने गाँधी पर क्या आरोप लगाया था ? **(1)**

**21.** लाला लाजपत राय की मृत्यु किन कारणों से हुई थी? **(1)**

**22.** स्वतन्त्र भारत की प्रमुख उपलब्धियाँ क्या थी ? **(1)**

**23.** रिहन्द बाँध परियोजना किस प्रदेश, किस जिला तथा किस नदी पर स्थित है ? **(1)**

**24.** भारत के अन्तर्गत कौन-कौन से द्वीप समूह आते हैं ? **(1)**

**25.** भारतीय जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक बताइए? **(1)**

**26.** प्राकृतिक आपदाएं कौन-कौन सी होती हैं ? **(1)**

**27.** चक्रवात को और किन-किन नामों से जाना जाता हैं ? **(1)**

**28.** पराबैंगनी किरणों से होने वाली दो घातक बीमारियों के नाम बताइए। **(1)**

**29.** उत्तर प्रदेश में मिट्टी का उपयोग किन कार्यों में होता है? **(1)**

**30.** 'UNESCO' का पूरा नाम अंग्रेजी में लिखते हुए, उसका कार्य बताइए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** 1857 ई. में प्रथम स्वाधीनता संग्राम में स्वतन्त्रता प्राप्ति हेतु क्या प्रयास किये गये ? **(2)**

**32.** निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए- (a) ब्रह्म समाज (b) थियोसोफिकल सोसायटी (c) मुस्लिम धार्मिक आन्दोलन (d) प्रार्थना समाज **(2)**

**33.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए- (1) बंगभंग (2) चौरी-चौरा काण्ड (3) बारदौली सत्याग्रह **(2)**

**34.** 'भारत छोड़ो' आन्दोलन के महत्व की विवेचना कीजिए। **(2)**

**35.** उत्तर प्रदेश के प्रमुख उद्योग-धन्धों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**36.** उत्तर प्रदेश के सन्दर्भ में प्रमुख शक्ति के साधन बताइए। **(2)**

**37.** उत्तर प्रदेश की आयात एवं निर्यात की जाने वाली वस्तुओं के कारण हमारी अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **(2)**

**38.** अपने प्रदेश के प्रमुख त्योहार एवं तीर्थ स्थानों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**39.** देश में जनगणना कब से प्रारम्भ हुई ? जनगणना का महत्व बताइए। **(2)**

**40.** निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए - (1) आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता (2) पंचशील के सिद्धान्त **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/samajik-adhyayan/2018

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN